ई–मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–10प/स्था०–04–03/2023/2488/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

**प्रेषक,**

**गोविन्द चौधरी,**
उप सचिव।

**सेवा में,**

**सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांकः–13/2/2025

**विषय :** **पंचायती राज विभाग अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति BBAS (Bihar Biometric Attendance System) के माध्यम से दर्ज करने के संबंध में।**

**प्रसंगः–** **सरकार के संयुक्त सचिव, गृह विभाग के ज्ञापांक–3632 दिनांक–11.04.2022 एवं विभागीय पत्रांक–7998 दिनांक–14.07.2023, पत्रांक–8061 दिनांक–02.09.2024, पत्रांक–8596 दिनांक–20.09.2024 एवं पत्रांक–8779 दिनांक–25.09.2024**

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन पत्र के माध्यम से राज्य के सभी विभागों के विभिन्न स्तर के क्षेत्रीय कार्यालयों में Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के माध्यम से सभी कार्यरत सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारी सहित संविदा के आधार पर नियोजित कर्मियों के दैनिक उपस्थिति दर्ज करने की व्यवस्था की जानी है। इस क्रम में विभिन्न विभागीय पत्रों द्वारा दिशा–निर्देश संसूचित है।

उल्लेखनीय है कि जिला के सभी पंचायतों/प्रखंड कार्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन का अधिष्ठापन किया जा चुका है। अधिष्ठापित बायोमेट्रिक मशीन को चालू करने एवं डाटा भेजने के संबंध में सभी को Id Password उपलब्ध कराना है। गूगल शीट के माध्यम से लगभग 5000(पाँच हजार) डाटा प्राप्त है, परंतु प्राप्त डाटा के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि डाटा भेजने में कुछ त्रुटियाँ हो गयी है, जिसके कारण Id Password बनाने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में गूगल शीट भरने हेतु कॉलमवाईज स्थिति इस प्रकार स्पष्ट की जाती है :–

| **क्र०सं०** | **संबंधित कॉलम का नाम** | **कॉलम में भरे जाने वाले बिन्दु** |
|---|---|---|
| 1. | जिला कार्यालय | इस कॉलम में अपने संबंधित जिला का नाम भरा जाना है, यथा पटना, भोजपुर, दरभंगा इत्यादि। |
| 2. | पंचायत कार्यालय | इस कॉलम में अपने संबंधित पंचायत का नाम यथा ग्राम पंचायत मोहनपुर, ग्राम पंचायत बबुरा, ग्राम पंचायत बभनगांवा आदि। |
| 3. | ऑफिस कोड | इस कॉलम में अपने ग्राम पंचायत का L.G.D Code भरा जाना है। वर्तमान में 15वीं आदि की राशि इसी L.G.D Code द्वारा भेजा जाता है। |

D:\Section 10\File\2024\Anup Sir\Letters to DM.docx 592

| | | |
|---|---|---|
| 4. | कार्यालय का नाम | इस कॉलम में अपने ग्राम पंचायत का कार्यालय जिस भवन में संचालित होता है, यथा पंचायत सरकार भवन खुदाबंदपुर, पंचायत भवन सिमरा, मनरेगा भवन लालगंज आदि। |
| 5. | कार्यालय का पता | यथा पंचायत सरकार भवन, माणिकपुर, पोस्ट–भैरवपुर, प्रखंड–लालगंज, जिला–वैशाली।<br>इसी भवन में बायोमेट्रिक मशीन इंस्टॉल की जानी है। |
| 6. | कार्यालय बंदी का दिन | प्रत्येक सप्ताह के रविवार |
| 7. | प्रखंड का नाम | प्रखंड कार्यालय बाढ़, प्रखंड कार्यालय बहेरी, प्रखंड कार्यालय मोतीपुर आदि। |
| 8. | कार्यालय व्यवस्थापक का नाम | इस कॉलम में संबंधित पंचायत सचिव का नाम दर्ज करना है। |
| 9. | Employee no. | HRMS-जिससे वेतन मिलता है उस साईट पर प्रत्येक कर्मी का Employee Id no. है, उसे संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी से प्राप्त कर दर्ज किया जाना है। |
| 10. | पदनाम | इस कॉलम में पंचायत सचिव दर्ज करेंगे। |
| 11. | जन्मतिथि | संबंधित कर्मी अपना–अपना जन्मतिथि दर्ज करेंगे। |
| 12. | लिंग | संबंधित कर्मी पुरूष है या महिला दर्ज करेंगे। |
| 13. | मोबाईल नं० | संबंधित कर्मी अपना मोबाईल नं० दर्ज करेंगे। |
| 14. | आधार नं० | संबंधित कर्मी अपना आधार नं० दर्ज करेंगे। |
| 15. | नियुक्ति तिथि | संबंधित कर्मी किस तिथि को अपना योगदान संबंधित कार्यालय में दिये हो सेवापुस्त से प्राप्त कर दर्ज करेंगे। |

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि क्रम संख्या–1 से 15 तक से संबंधित वांछित सूचना गूगल ड्राइव पर शीघ्र अपलोड करना है, जिन कर्मियों के द्वारा पूर्व में डाटा अपलोड किया गया है वे भी इसके अनुसार सुधार करते हुए डाटा उपलब्ध कराया जाये ताकि आई०डी० पासवर्ड सभी को उपलब्ध कराया जा सके।

विश्वासभाजन

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

D:\Section 10\File\2024\Anup Sir\Letters to DM.docx 593